# Determiners (डिटरमिनर्स) – निर्धारक

> **Determiners** ऐसे शब्द होते हैं जो किसी वाक्य में संज्ञा से तुरंत पहले प्रयोग किये जाते हैं और इस बात का निर्धारण करते हैं कि किसकी बात हो रही है या फिर कितनी बात हो रही है। चूँकि यह भी संज्ञा के बारे में कुछ अतिरिक्त सूचना देते हैं इसीलिए ये भी विशेषण कहलाते हैं।
> **A Determiner is a word that is placed just before a noun to give additional information about that noun and that's why they are also classified as Adjectives.**
>
> मान लीजिए आप कहना चाहते हैं 'यह लड़का राम है।' यहाँ पर 'लड़का' एक संज्ञा है। 'लड़का' से तुरंत पहले 'यह' का प्रयोग किया गया है। 'यह' एक **Determiner** है क्योंकि ये इस बात को निर्धारित करता है कि किस लड़के की बात हो रही है – इस लड़के की या उस लड़के की।
> इस लड़के की बात हो रही है इसलिए आप 'यह लड़का' कहते हैं वरना अगर उस लड़के की बात हो रही होती तो आप 'वह लड़का' कहते।
>
> इसी तरह,
>
> | | | |
> |---|---|---|
> | अगर एक लड़के की बात हो रही होती तो आप कहते – | **<u>A</u> boy** | अ बॉय |
> | अगर किसी विशेष लड़के की बात हो रही होती तो आप कहते – | **<u>The</u> boy** | द बॉय |
> | अगर सभी लड़कों की बात हो रही होती तो आप कहते – | **<u>All</u> the boys** | ऑल द बॉइज़ |
> | अगर 5 लड़कों की बात हो रही होती तो आप कहते – | **<u>5</u> boys** | फाइव बॉइज़ |
>
> ऊपर दिये गये वाक्यों में **Determiners** हैं – **A, The, All, 5**

Determiners के चार प्रकार हैं (Determiners are of four types):

1. **<u>Articles (A, An, The)</u>**

   A/An - अ/ऐन
   The - द या दी

आप 'Articles' चैप्टर में इनके बारे में पढ़ चुके हैं कि किसी भी संज्ञा से तुरंत पहले किस तरह और कब प्रयोग किये जाते हैं, ये भी Determiners हैं।
You've already read about Articles & its usage just before a noun, these are also known as Determiners.